
365greetings.com
आगरा नगर निगम
Happy Holi
26, 27 मार्च, 2013

# 1. होली 2013 (26, 27 मार्च)

1. होली का पर्व ब्रज क्षेत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण पर्व है।
2. यह त्यौहार इस क्षेत्र में बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।
3. नगर निगम क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगभग 1000–1100 स्थलों पर होलिका दहन होता है।
4. इस वर्ष होली पर नगर निगम द्वारा अन्य सभी व्यवस्थाओं के अतिरिक्त प्रत्येक होलिका दहन स्थल एवं प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाने का निर्णय लिया गया।
5. नगर निगम के सभी जोनल सेनेटरी ऑफीसर, स्वच्छता निरीक्षकों, सफाई नायकों व सफाई कर्मचारियों द्वारा पूर्ण लगन के साथ पूरे शहर को रंगों (लाल, पीला, हरा, गुलाबी, सफेद) से सजाया गया। सभी होलिका दहन स्थलों एवं प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाकर उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य किया गया।
6. इस प्रकार से सजाये गये शहर को देखकर सभी नागरिकों द्वारा नगर निगम के इस अनूठे प्रयास की सराहना की गई।
7. इससे नगर निगम की छवि जनता के बीच अच्छी बनी।

## 2. होलिका दहन स्थल व चौराहों पर बनायी गई रंगोली के कुछ फोटोग्राफ



एम.जी. रोड



एम.जी. रोड




पाकटोला पुलिया



हरजूपुरा



यमुनापार मोतीमहल



शम्भू पैलेस देवरी रोड



राजपुर चुंगी चौराहा



बुन्दू कटरा ग्वालियर रोड




एत्माद्दौला तिराहा



यमुनापार अनाथालय



खेरिया मोड चौराहा बुन्दू कटरा



चौक थाना ताजगंज



सेन्ट्रल बैंक स्कूल के पास ताजगंज



बारह खम्भा मल्को गली ताजगंज



गली असद ताजगंज



जच्चा खाना मल्को गली ताजगंज



तांगा अड्डा ताजगंज



श्यामलाल मार्ग ताजगंज



कैलाश टॉकीज रोड ताजगंज



गेटवे होटल चौराहा ताजगंज

# 3. समाचार पत्रों में छपी अखबार की कटिंग

होली की तैयारी में जुटा नगर निगम

## प्रमुख चौराहों पर सजेंगी रंगोली

शहर प्रतिनिधि

आगरा। पहली बार नगर निगम होली के मौके पर रंगों की रंगोली भी सजाएगा। कई प्रमुख चौराहों पर होलिका दहन स्थल पर यह रंगोली बनायी जाएगी। सफाई और पानी व्यवस्था के लिए नगर आयुक्त ने निर्देश जारी किए हैं। छोटी होली तक महानगर में कूड़ा उठाने के लिए विशेष अभियान भी चलेगा।

बुधवार को नगर आयुक्त डीके सिंह ने सभी जेडएसओ और एसएफआई के साथ बैठक की। यहां पर होली त्योहार की तैयारी को लेकर रणनीति तैयार की गई है। सभी जेडएसओ और एसएफआई को अपने-अपने क्षेत्रों में होली मिलन समारोह वाले स्थानों की जानकारी कर सफाई कराने का निर्देश दिया है। इस बार से निगम की तरफ से एक नई पहल की जा रही है। कई प्रमुख चौराहों पर जहां पर होलिका दहन कार्यक्रम होता है, वहां पर निगम की तरफ से रंगोली सजायी जाएगी। इसके साथ गुरुवार से महानगर में छोटी होली तक कूड़ा उठाने के लिए विशेष सफाई अभियान शुरू करने का आदेश दिया गया है। अधिशासी अभियंता संजय कटियार को सभी सभासदों के क्षेत्र में खराब लाइटों को ठीक करने का निर्देश दिया गया है।

- नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश
- सुचारु जलापूर्ति के लिए करें समुचित प्रबंध
- विशेष अभियान चलाकर कराएं सफाई

इसके अलावा बैठक में कूड़ा फेंकने वालों का चालान करने के संबंध में जानकारी ली गई, तो टोल फ्री नंबर की शिकायतों का निस्तारण करने में कोई भी लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी गई। इससे पहले होली पर पेयजल व्यवस्था को लेकर जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त ने बैठक की, जिसमें पेयजल आपूर्ति निरंतर जारी करने पर विचार किया गया। होली से पहले सभी टूटी पाइप लाइनों की मरम्मत करने और लीकेज बंद करने का निर्देश दिया गया। नाले-नालियों पर में जाली लगाने का निर्देश भी जारी किया गया है। बैठक में अपर नगर आयुक्त केपी त्रिपाठी, पर्यावरण अभियंता राजीव राठी, अधिशासी अभियंता पीके मित्तल आदि उपस्थित थे।

**दिनांक 21.03.2013 को पुष्प सबेरा अखबार में छपी खबर**

## नगर निगम सजाएगा होली के रंग

कल्पतरु समाचार सेवा

आगरा। इस बार शहर में होली के रंग नगर निगम सजाएगा। इसके लिए नगरायुक्त डीके सिंह ने 300 बोरा रंग खरीदने के निर्देश दिए हैं। इनमें से प्रत्येक वार्ड को तीन बोरा रंग दिया जाएगा। वार्ड में बड़ी-बड़ी होलियों पर नगर निगम की ओर से रंगोली सजाई जाएगी।

मालूम हो कि 27 मार्च को होली है। यह प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार पर लोग एक-दूसरे के गले मिलकर आपसी रंजिश को भुलाते हैं। उनकी इस खुशी में नगर निगम रंगों के माध्यम से शामिल होना चाहता है। शहर में जितनी भी बड़ी होलियां हैं, वहां नगर निगम की ओर से रंगोली सजाई जाएगी। इसके लिए नगरायुक्त ने रंग खरीदने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि होली को और आकर्षक बनाने के लिए उन्होंने यह पहल की है। हर तरफ रंगोली सजी होगी, तो और अच्छा लगेगा।

तीन सौ बोरा रंग खरीदने के दिए निर्देश

हर वार्ड में पहुंचेगा तीन बोरा रंग

उन्होंने बताया कि इसके सभी वार्डों के पार्षदों को तीन-तीन बोरा रंग दिया जाएगा, जिससे वे अपने-अपने वार्ड की सभी बड़ी होलियों पर रंगोली सजवाएंगे।

**दिनांक 22.03.2013 को कल्पतरू एक्सप्रेस अखबार में छपी खबर**

अभिनन्दन भारत दि- 27-3-2013

# होली के अवसर पर नगर निगम ने शहर में सजाई रंगो

- नगर निगम द्वारा पहली बार रंगोली प्रतियोगिता कराई गई
- रंगोली में विजय होने वाले प्रतिभागियों को मिलेगा इनाम
- एमजी रोड और छोटे-बड़े चौराहों को दुल्हन जैसे सजाया

## पहली बार रंगोली प्रतियोगिता

## प्रेम और सौहार्द के साथ मनायें होली

**दिनांक 21.03.2013 को पुष्प सबेरा अखबार में छपी खबर**




नगर निगम ने शहर के तमाम चौराहों पर मंगलवार को होली के संग रंगोली भी सजाई। इसी क्रम में चिम्मन पुड़ी चौराहे पर भी रंगोली सजाई गई। • हिन्दुस्तान

**दिनांक 27.03.2013 को हिन्दुस्तान अखबार में छपी खबर**


HAPPY HOLI!



नगर निगम ने सजाये रंगोली से शहर के चौराहे: मंगलवार को नगर निगम द्वारा होली पर शहर के मुख्य चौराहों को रंगोली द्वारा सजाया गया। जामा मस्जिद स्थित चिम्मनलाल चौराहा को रंगोली से सजाते नगरनिगम कर्मी। जागरण

# रंगोली से सजा दिया पूरा शहर

## नगर निगम ने शहर के चौराहों पर सजवाई पहली बार रंगोली

**जागरण संवाददाता, आगरा:** ताजनगरी में मंगलवार को नई परंपरा की शुरुआत हुई। शहर की लाइफ लाइन और माल रोड के चौराहे सजे हुए नजर आए। चौराहों पर सजी रंगोली की सभी ने सराहना की। होलिका के चारों ओर भी रंगोली सजी।

नगर निगम ने रंगों के पर्व पर शहरवासियों के जीवन में उल्लास भरने का प्रयास किया। निगम ने चौराहों और होलिका के इर्द-गिर्द रंगोली सजवाने का निर्णय लिया था। मंगलवार को सुबह से ही नगर निगम के कर्मचारी चौराहों और होली के चारों ओर रंगोली सजाते नजर आए। यह नजारा देख लोग चौंके जरूर, मगर उन्होंने पहली बार नगर में रंगोली सजाए जाने की जमकर तारीफ की। सुल्तानगंज की पुलिया, खंदारी लोहामंडी, सेंट जोंस, हरीपर्वत, सूरसदन तिराहा समेत मॉल रोड और अन्य मार्गों पर चौराहों पर रंगोली की छटा बिखरी नजर आई।

**दिनांक 27.03.2013 को दैनिक जागरण अखबार में छपी खबर**



चिम्मन पूड़ी चौराहे पर निगम द्वारा सजाई गई रंगोली।

# निगम की पहल ने छू लिया दिल

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। लोग मंगलवार सुबह घरों से निकले तो आसपास की सड़कों का नजारा देखकर तबियत खुश हो गई। सड़कें चमचमा रही थीं और दोनों किनारों पर रंगों की शृंखला बनी थी। शहर के जिन चौराहों पर होलिका रखी गई थी, वहां रंगोली सजी थी। नगर आयुक्त ने दिन भर शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

गौरतलब है कि नगर निगम ने होली के अवसर पर विशेष सफाई और जहां भी होलिका रखी गई थी, वहां रंगोली बनाने की योजना बनाई थी। नगर आयुक्त ने घोषणा की थी कि सबसे बेहतर रंगोली सजाने वाले सुपरवाइजर और उनकी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके मद्देनजर टीम तड़के ही शहर में निकल गई थी।

दोपहर में नगर आयुक्त डीके सिंह ने सपत्नीक शहर में सफाई और सजावट का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त और पार्षदों की टीम ने सेंट जोंस, राजा की मंडी, खेरिया मोड़, मुस्तफा क्वार्टर, कलेक्ट्रेट, प्रतापपुरा, शहीद नगर, पुरानी मंडी, ताज महल के पास, विजय नगर, पालीवाल पार्क, गधा पाड़ा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम में राजपाल, बीनू सिंह सिकरवार, हाजी बिलाल, जेएडएसओ चरण सिंह आदि शामिल थे।

### लोगों ने फोन कर बुलाए निगम कर्मी

आगरा। जब लोगों को पता लगा कि नगर निगम कर्मी रंगोली सजा रहे हैं तो शहरवासियों में होड़ लग गई। पास के मोहल्ले में सजी रंगोली को देखकर वे नगर निगम कर्मियों को फोन करके बुलाने लगे। प्रहलाद नगर, अर्जुन नगर में सुपरवाइजर को फोन कर बुलाया गया लेकिन जब वहां टीम नहीं पहुंची तो लोग मायूस हो गए।

**दिनांक 27.03.2013 को अमर उजाला अखबार में छपी खबर**